मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 255, मुंबई, शुक्रवार, 1 दिसंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




# 'नालायक हैं सीएम शिंदे....'

## उद्धव ठाकरे के बयान पर हंगामा, मंत्री शंभु राजे बोले- वीडियो की लीगल टीम कर रही जांच

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे की ओर से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपशब्द (नालायक) कहने के मामले में पूर्व सीएम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उद्धव ठाकरे के बयान को लेकर शिंदे गुट के मंत्रियों में काफी नाराजगी देखने को मिली है। कैबिनेट मंत्री शंभु राजे देसाई ने उद्धव पर कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने पूछा है कि अगर सीएम रहते हुए उद्धव केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को गिरफ्तार करवा सकते हैं तो उद्धव पर कार्रवाई क्यों नहीं हो? मिली जानकारी के मुताबिक, इस पूरे मामले को लेकर जल्द ही शिंदे सरकार के मंत्रियों की एक बैठक होने वाली है। फिलहाल उद्धव ठाकरे के उस वीडियो को लीगल टीम के पास जांच के लिए भेजा गया है। देसाई ने कहा कि वो इस मामले को लेकर गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात करेंगे।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



## 'अपने राज्य को छोड़कर दूसरे राज्य में जा रहे सीएम'

**ठाकरे ने कहा कि जो नेता अपने राज्य को छोड़कर दूसरे राज्य में जा रहा है तो वह नालायक है। यहां बेमौसम हुई बारिश से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। दर्जनों मवेशियों की मौत हो गई है, लेकिन सीएम है कि दूसरे राज्य में घूम रहे हैं। अपने राज्य की उनको कोई चिंता नहीं है, वो तेलंगाना में घूम रहे हैं। जो लायक न हो उसे नालायक ही कहा जाता है।**

## नए साल पर ऑर्थर रोड जेल जाएंगे आदित्य ठाकरे और संजय राउत: नितेश राणे



**दत्ता दलवी बीजेपी में आना चाहते थे- राणे**

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक बार फिर राजनीति तेज होने वाली है, बीजेपी विधायक नितेश राणे ने दावा किया है कि 31 दिसंबर के बाद आदित्य ठाकरे और संजय राउत आर्थर रोड जेल में नजर जाएंगे। नितेश राणे ने संजय राउत और आदित्य ठाकरे पर यह कहकर हमला किया है कि इन्हें महाराष्ट्र की सरकार वडा पाव की गाड़ी लगती है। नितेश राणे ने कहा है कि दोनों नेता पिछले कई महीनों से एक ही बात बोलते आए हैं कि फलां तारीख को सरकार गिर जाएगी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## 40 लाख देकर लेने जा रहे थे 1.60 करोड़ के नोट, पैसा ले उड़े 'पुलिस वाले'



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** इंस्टाग्राम पर 'डोंबिवली का राजा' के नाम से मशहूर सुरेन्द्र पाटिल से 8 'पुलिस वाले' 40 लाख रुपए वसूल कर ले गए। जब उसने पुलिस से शिकायत की तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो सुरेन्द्र के पास से बिना लाइसेंस की पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने पूछताछ की तो सामने आया कि सुरेन्द्र 40 लाख रुपए के बदले 1 करोड़ 60 लाख रुपए के नोट लेने जा रहा था, जो नकली थे। हैरान करने वाला यह मामला महाराष्ट्र के ठाणे जिले का है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## भारत आई अंजू को नहीं मिल रहा ठिकाना

हमने ही उसे भेजा, वो जल्द वापस होगी

## नसरुल्लाह भी आएगा भारत बोला- उसकी याद आ रही

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पति और बच्चों को छोड़कर पाकिस्तान गई अंजू अब वापस भारत लौट चुकी है। अंजू ने ईसाई धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म अपना लिया था और फिर प्रेमी नसरुल्लाह से निकाह भी कर लिया था। अब अंजू जब चार महीनों के बाद वापस भारत लौट चुकी है तो सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर उसका भविष्य क्या होगा। क्या वह वापस पाकिस्तान जाएगी या फिर यहीं भारत में रहेगी? इन तमाम तरह की अटकलों के बीच नसरुल्लाह की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। अंजू के बाद अब नसरुल्लाह भारत आने की तैयारी में है। नसरुल्लाह ने यह भी बताया कि अंजू और उसके बीच का प्यार पाकिस्तान का प्यार है।



### *यदि नहीं आती है तो मैं हिंदुस्तान जाऊंगा*

*अंजू के पाकिस्तानी पति नसरुल्लाह ने दावा किया है कि उसने ही अंजू को भारत भेजा है। उसे अंजू की बहुत याद आ रही है। नसरुल्लाह ने कहा कि मुझे अपने रब पर पूरा भरोसा है कि वह वापस लौटकर आएगी। यदि नहीं आती है तो मैं हिंदुस्तान जाऊंगा। अंजू के पाकिस्तानी पति ने बताया कि गैरकानूनी तरीके से नहीं जा सकता है, इसलिए कानून के हिसाब से ही भारत जाएगा। नसरुल्लाह ने यह भी कहा कि यह पाकिस्तान का प्यार है, हिंदुस्तान का प्यार नहीं है।*

### डीजी ने किए खुलासे

## भारत-पाकिस्तान सीमा पर अब तक की सबसे बड़ी ड्रोन घुसपैठ

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत पाकिस्तान सीमा पर अब तक की सबसे बड़ी ड्रोन घुसपैठ देखी गई है। सीमा सुरक्षा बल के डीजी नितिन अग्रवाल ने बताया कि पाक रेंजर के सीनियर अधिकारी ही इसमें लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना के अफसर चीन में बने ड्रोन की घुसपैठ करा रहे हैं। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ बहुत ज्यादा सजग है। डीजी अग्रवाल ने कहा कि सीमा पार से बहुत ज्यादा ड्रोन भेजे जा रहे हैं। पाक को मालूम है कि ये सभी ड्रोन सफल नहीं होंगे।

### बरामद किए गए ड्रोन की होती है जांच



पाक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में घुसपैठ कराए जा रहे ड्रोन घटिया क्वालिटी के चीन में बने और बहुत कम कीमत वाले होते हैं। डीजी नितिन अग्रवाल ने बताया कि ड्रोन की बरामदगी के बाद उसे हम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी को दे देते हैं। अनुमान यही है कि ड्रोन सीमा पार से भेजना एक बिजनेस मॉडल है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### गंभीर आरोप, चिंताजनक

**अब कनाडा की तरह अमेरिका आरोप लगा रहा है लेकिन इस पर भारत की प्रतिक्रिया वैसी नहीं है, जैसी कनाडा के आरोपों पर थी। तभी यह चिंता की बात लगती है क्योंकि इस तरह की घटनाओं और आरोपों से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में भारत की एक सभ्य, उदार और लोकतांत्रिक देश की छवि प्रभावित होती है।**

खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश में अमेरिका द्वारा भारत के एक अधिकारी के शामिल होने का आरोप लगाना सचमुच गंभीर चिंता विषय है। अमेरिका के आरोपों पर पहली प्रतिक्रिया में भारत ने कहा है कि यह चिंता का विषय है और भारत सरकार की नीतियों के विपरीत है। भारत ने इस मामले की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी भी बनाई है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर सरकार तय करेगी कि आगे क्या करना है। जिस दिन इस मामले का खुलासा फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा किया गया था उस दिन से भारत की एक आधिकारिक लाइन रही है। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, ट्रैफिकिंग, हथियार कारोबारियों और चरमपंथियों के बीच का नेक्सस सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। इससे लग रहा है कि भारत सरकार यह बताना चाह रही है कि अगर दुनिया के किसी देश में किसी चरमपंथी की हत्या हो रही है तो या हत्या की साजिश रची जा रही है तो उसके पीछे अपराधियों के अंतराष्ट्रीय गिरोहों के आपसी टकराव का हाथ है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में कनाडा, ब्रिटेन और पाकिस्तान में ऐसे कई अलगाववादियों और आतंकवादियों की हत्या हुई है या संदिग्ध स्थितियों में मौत हुई, जो भारत में वांछित थे। हालांकि इसके उलट भारत में यह धारणा बनाई जा रही है कि भारत विदेशों में छिपे देश के दुश्मनों का सफाया कर रहा है। सोशल मीडिया के जरिए भारत की सॉफ्ट स्टेट की छवि को बदलने की कोशिश हो रही है। कुछ समय पहले कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। तब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रुडो ने आरोप लगाया कि भारत की एजेंसियां इसके पीछे हैं। भारत ने न सिर्फ इसे बेतुका और आधारहीन बता कर खारिज किया, बल्कि कनाडा के साथ कूटनीतिक संबंधों में दूरी भी बनाई। अब कनाडा की तरह अमेरिका आरोप लगा रहा है लेकिन इस पर भारत की प्रतिक्रिया वैसी नहीं है, जैसी कनाडा के आरोपों पर थी। तभी यह चिंता की बात लगती है क्योंकि इस तरह की घटनाओं और आरोपों से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में भारत की एक सभ्य, उदार और लोकतांत्रिक देश की छवि प्रभावित होती है। अमेरिका ने सिर्फ आरोप नहीं लगाए हैं, बल्कि वहां की एक डिस्ट्रिक्ट अदालत में एक भारतीय नागरिक के ऊपर मुकदमा भी दर्ज हुआ और कहा गया है कि साजिश रचने में शामिल रहा भारतीय नागरिक भारत की एक एजेंसी का कर्मचारी है, जो अपने को सीनियर फील्ड ऑफिसर कहता है और सिक्योरिटी मैनेजमेंट और इंटेलीजेंस के लिए अपने को जिम्मेदार बताता है। अमेरिकी अदालत में जिस भारतीय नागरिक पर मुकदमा दर्ज हुआ है उसका नाम निखिल गुप्ता उर्फ निक है, जिसे 30 जून को चेक गणराज्य से गिरफ्तार किया गया। जिस साजिश में उसे गिरफ्तार किया गया है वह बेहद बचकानी और हास्यास्पद है।

# दुनियां की सबसे बड़ी खुशी का बोध मन की शांती और हंसने से होता है

## प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जितना लुटाओगे उतना बढ़ता चला जाएगा

**दुनियां** में जिसके पास प्रसन्नता, मन की शांती, संतोष भरा मन हो वो भाग्यशाली और खुश इंसान है। केवल आज की ही क्यूं वो इंसान हर दुनियां मे खुश है। महाभारत मे धर्मराज युधिष्ठिर से एक यक्षने प्रश्न पुछा के हे धर्मराज सबसे बडा सुख कौनसा है इस प्रश्न के उत्तर के स्वरूप युधिष्ठिरजी ने कहा समाधान ही सर्वोत्तम सुख है। मनुष्य के पास बहुत सारा पैसा हो अछी शादीशुदा जिंदगी हो अच्छे माता पिता हो लेकिन मन मे संतोष व प्रसन्नता न हो तो ऐसा व्यक्ती आज की या किसी भी दुनिया मे खुश नही हो सकता। आज की दुनिया मे पैसा अतिआवश्यक है। लेकीन मन का संतोषप्रसन्नता उससे भी अधिक आवश्यक है,और एक बात जो की आवश्यक है वो है आपकी सेहत, सेहत अछी हो तो व्यक्ती का जीवन आनंदमय होता है।

वैसे तो कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है। बस!! जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता-दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है!! क्योंकि प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम छठ की पावन बेला पर मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम प्रसन्नता की करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा, खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है। यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं। हमें छोटी-छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है। आध्यात्मिकता,उदारता,परोपकार सहनशीलता, सहिष्णुता इत्यादि मन की प्रसन्नता के प्रमुख स्त्रोतों में से कुछ हैं, जिनको जीवन में अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया जा सकता है।



**जिसके पास प्रसन्नता, मन की शांती, संतोष भरा मन हो वो आज की दुनियां मे सबसे अधिक खुश है**

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस, संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व प्रसन्नता इंडेक्स रिपोर्ट इत्यादि अन्तर्राष्ट्रीय स्तरपर प्रसन्नता के मूल्यों की करें तो प्रसन्नता को हाई वैश्विक टॉनिक माना जाता है। प्रसन्नता दिवस मनाया जाता है अलग-अलग देशों के प्रसन्नता से रहने के क्रमांक बताए जाते हैं, परंतु बहुत हैरानी की बात है प्रसन्नता इंडेक्स में अनेक पूर्ण विकसित देशों के साथ ही भारत भी पिछड़ा हुआ है जो रेखांकित करने वाली बात है!! विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2022 में 146 देशों की रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड लगातार 5 वर्षों से प्रथम और डेनमार्क द्वितीय और आयरलैंड तृतीय स्थान पर है।जबकि इस रिपोर्ट में भारत 136 वी रैंक पर है याने लास्ट टॉप टेन इतनी खराब हालात जो आश्चर्य वाली बात है।

साथियों बात अगर हम मन की प्रसन्नता के गुण एवं लाभों की करें तो, प्रसन्नता तो व्यक्ति का मानसिक गुण है, जिसे व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन के अभ्यास में लाना होता है। प्रसन्नता व्यक्ति के अंतर्मन में छिपे उदासी, तृष्णा और कुंठाजनित मनोविकारों को सदा के लिए समाप्त कर देती है। वस्तुतः प्रसन्नता चुंबकीय शक्ति संपन्न एक विशिष्ट गुण है। प्रसन्नता दैवी वरदान तो है ही, यह व्यक्ति के जीवन की साधना भी है। व्यक्ति प्रसन्न रहने के लिए एक खिलाड़ी की भांति अपनी जीवन-शैली और दृष्टिकोण को अपना लेता है। उसके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता असफलता जय-पराजय, और सुख-दुख उसके चिंतन का विषय नहीं होता। वह तो अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर बढ़ता जाता है।प्रसन्नता मानवों में पाई जाने वाली भावनाओं में सबसे सकारात्मक भावना है। इसके होने के विभिन्न कारण हो सकते हैं, अपनी इच्छाओं की पूर्ति से संतुष्ट होना। अपने दिन-रात के जीवन की गतिविधियों को अपनी इच्छाओं के अनुकूल पाना। किसीअचानक लाभ से लाभांवित होना। किसी जटिल समस्या का समाधान प्राप्त होना।

साथियों बात अगर हम प्रसन्नता के लक्ष्यों की प्राप्ति की करें तो, प्रसन्न रहने वाला व्यक्ति परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेता है। यदि वह असफल भी हो जाता है तो निराश होने और अपनी विफलता के लिए दूसरों को दोष देने की अपेक्षा अपनी चूक के लिए आत्मनिरीक्षण करना ही उचित समझता है।ज्ञानीजन और अनुभवी बताते हैं कि प्रसन्नता जैसे दैवीय-वरदान से कुतर्की और षड्यंत्रकारी लोग सदैव वंचित रह जाते हैं। प्रसन्न व्यक्ति स्वयं को प्रसन्न रखकर दूसरों को भी प्रसन्न रखने की अद्भुत सामर्थ्य रखता है। प्रसन्नता को प्रभु-प्रदत्त संपदा समझने वाले व्यक्ति ही सदैव सुखी रहते हुए यशस्वी, मनस्वी, महान और पराक्रमी बनकर समाज और राष्ट्र के लिए आदर्श स्थापित करने में सक्षम हो सकते हैं। प्रसन्नता ही सुखी जीवन का मूल मंत्र है। प्रसन्नता हमारा अनमोल खजाना है। प्रसन्नता को जरूर लुटाइए फि र देखिए, उसका खजाना बढ़ता चला जाएगा ।भलाई करना कर्त्तव्य नहीं, आनन्द है। क्योंकि वह प्रसन्नता को पोषित करता है । सबको प्रसन्न करने की शक्ति सब में नहीं होती । प्रसन्नता आत्मा को शक्ति प्रदान करती है । प्रसन्नतापूर्वक उठाया गया बोझ हल्का महसूस होता है। प्रसन्नता शब्द का प्रयोग मानसिक या भावनात्मक अवस्थाओं के संदर्भ में किया जाता है, जिसमें संतोष से लेकर तीव्र आनंद तक की सकारात्मक या सुखद भावनाएं शामिल हैं। इसका उपयोग जीवन संतुष्टि, व्यक्तिपरक कल्याण, यूडिमोनिया, उत्कर्ष और कल्याण के संदर्भ में भी किया जाता है इसलिए हर व्यक्ति ने इस गुण को अपने में समाहित कर जीवन को सफल बनाने के मंत्र को अपनाना चाहिए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दुनियां की सबसे बड़ी खुशी का बोध मन की शांती और हंसने से होता है प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जितना लुटाओगे उतना बढ़ता चला जाएगा।जिसके पास प्रसन्नता, मन की शांती, संतोष भरा मन हो वो आज की दुनियां मे सबसे अधिक खुश है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# ठाणे मनपा प्रशासन द्वारा किया जा रहा है उच्च न्यायालय का उल्लंघन

## आदेश के बावजूद भी नहीं किया गया हलफनामा दाखिल, उच्च न्यायालय द्वारा ठाणे मनपा प्रशासन की बेहिसी पर लगाई फटकार

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** उच्च न्यायालय में प्रलंबित कौसा एम एम वैली परिसर स्थित सरकारी अस्पताल स्वतंत्र सैनिक हकीम अजमल खान के मामले में याचिका करता एपीसीआर नंबर दो अबू जैद इराकी ने कोर्ट कमिशन रिपोर्ट पर अपना जवाबी हालकनामा दाखिल किया जिस पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर द्वारा ठाणे मनपा प्रशासन पर अपनी नाराजगी दिखाते हुए नजर आए और कहां की सरकारी अस्पताल को किस तरह से गरीबों और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए शुरू किया जाएगा इस पर जवाब दें सिर्फ खूबसूरत इमारत बनाने का नाम अस्पताल नहीं होता है उसमें दी जाने वाली गरीब जनता के लिए सुविधा को अस्पताल कहते हैं और



न्यायमूर्ति ने यह भी कहा है की ठाणे मनपा प्रशासन यह जानकारी अवगत कराया की सरकारी अस्पताल को किस तरह से चलाया जाएगा उसमें मरीजों को क्या सुविधा दी जाएगी और वह आम मरीजों को कितनी किफायती दाम में मिलेंगे न्यायमूर्ति ने यह भी तबसरा किया है की अस्पताल को जल्द से जल्द शुरू होना जरूरी है जिससे शहर की गरीब जनता को सुविधा मिल सके और उनका उपचार किया जा सके और सरकारी अस्पताल निजीकरण मामले में प्लेटिनम हॉस्पिटल को दिए गए ठेके पर अगली तारीख तक ओरली तौर पर वर्क आर्डर और एग्रीमेंट निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया है। गौरतलब बात तो यह है एपीसीआर संस्था द्वारा ठाणे मनपा प्रशासन पर यह सवालिया निशान खड़ा करते हुए कहा कि आखिर सरकारी अस्पताल को निजीकरण क्यों किया जा रहा है जबकि ठाणे मनपा प्रशासन की ओर से कहीं पर भी पैसों की किल्लत का जिक्र नहीं किया गया है जब पैसों की किल्लत ठाणे मनपा प्रशासन में नहीं है तो फिर सरकारी अस्पताल को निजीकरण क्यों किया जा रहा है? फिलहाल ठाणे मनपा प्रशासन की तरफ से लगातार उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद भी हालतनामा दाखिल नहीं किया गया है जिस पर उच्च न्यायालय ने प्रशासन को हर बार की तरह इस बार भी फटकार लगाई है और जल्द हलफनामा दाखिल करने की हिदायत दी है और अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 दिसंबर शुक्रवार को होगी अब देखना यह है अगली तारीख को ठाणे मनपा प्रशासन की ओर से उच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया जाता है या नहीं यह देखने वाली बात होगी।

# रेलवे दुर्घटना में हुई एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत, ठाणे जीआरपी पुलिस शिनाख्त में जुटी

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**ठाणे।** रेलवे दुर्घटना में हुई एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत का मामला प्रकाश कराया है जिसकी शिनाख्त करने का प्रयास ठाणे जीआरपी पुलिस द्वारा किया जा रहा है इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार मुंब्रा से कलवा स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या 37/120 के पास रेलवे दुर्घटना में गंभीर चोटी के कारण यह व्यक्ति को सिविल अस्पताल में उपचार हेतु के लिए भर्ती कराया गया जहां पर अस्पताल ले जाने से पहले ही व्यक्ति की मौत हो चुकी थी यह दुर्घटना 25 नवंबर शनिवार की बताई जा रही है अज्ञात मृतक व्यक्ति



हिंदू पुरुष है और अंदाजे 40 वर्ष का बताया जा रहा है जिसकी ऊंचाई 5 फुट 2 इंच, और शरीर माध्यम, काला रंग गहरा चेहरा, सीधी नाक, सीधे बोल, काली घुंघराले दाढ़ी मुछे बड़ी हुई काली,कोई पहचान चिन्ह नहीं मृतक के शरीर पर सफेद और नीले रंग की चेकदार फुल शर्ट नील फुल पैंट यदि इस मृतक की कोई वारिस दर या रिश्तेदार या मित्र मिले तो कृपया थाने जीआरपी पुलिस स्टेशन पर संपर्क करें जांच अधिकारी पुलिस निरीक्षक नवकार 07517552954, सहायक पुलिस उप निरीक्षक परब 08692982028, पुलिस हवलदार जमदाडे 829420124 पर संपर्क कर सकते हैं।

# महिला की हत्या, 2 आरोपी हिरासत में

**अकोला।** स्थानीय अकोट फैल पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित साधना चौक में भुसावल निवासी रुजिना शेख अफसर कुरेशी नामक विवाहिता की हत्या होने की जानकारी प्राप्त हुई है। कहा जा रहा है कि उसने हत्या कर आत्महत्या की साजिश रची थी। उप विभागीय अधिकारी सुभाष दुधगांवकर ने रुजिना की हत्या की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। रुजिना के दो बच्चे हैं और वह शुक्रवार को घर से निकली थी। उसे सिटी कोतवाली थाने में शाम करीब सवा छह बजे पंजिकृत किए जाने के बाद अकोट फैल थाने में लाया गया और उसके बाद उसे उसके परिवार को सौंप दिया गया था। घटनास्थल पर मौजूद सबूतों और परिस्थितियों को देखते हुए इस बात



का पुख्ता शक है कि रूजिना की हत्या की गई है। मामले में पुलिस जांच के बाद क्या हुआ इसका सही खुलासा हो पाएगा, इस मामले में शक के आधार पर दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौके पर उपस्थित थे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### 'नालायक हैं सीएम शिंदे....'

देसाई ने कहा कि उन्होंने पार्टी के दूसरे नेताओं और मंत्रियों से इस बारे में चर्चा की है और सबके अंदर नाराजगी है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को नालायक जैसे शब्दों से संबोधित करना ठीक नहीं है। इसे लेकर क्या कार्रवाई की जा सकती है उस पर लीगल टीम फैसला लेगी। ये उद्धव ठाकरे की हताशा को दर्शाती है जो इस तरह के असंसदीय शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार की ओर से उद्धव ठाकरे के समर्थन को लेकर देसाई ने कहा कि अगर इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल उनके खिलाफ किया जाता तो क्या उन्हें अच्छा लगता। विपक्षी नेता होने के नाते आपको बोलने की आजादी है लेकिन कम से कम असंसदीय भाषा का तो इस्तेमाल न करें। दरअसल, महाराष्ट्र में हुई बेमौसम बारिश की वजह से खासकर किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को अपने आवास मातोश्री पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए शिंदे सरकार पर जमकर निशाना साधा। मीडिया को संबोधित करते हुए उद्धव इतने गरम हो गए कि उन्होंने मुख्यमंत्री शिंदे को नालायक तक कह दिया। उद्धव के इस बयान का कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने समर्थन कर दिया। हालांकि, वडेट्टीवार ने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि उद्धव ठाकरे की किसी को गाली देने की मंशा नहीं होगी। राज्य में बेमौसम हुई बारिश की बात है विपक्षी नेताओं ने सरकार से किसानों की मदद की मांग की है। बताया जा रहा है कि बारिश की वजह से 78 हजार हेक्टेयर जमीन की फसल को नुकसान पहुंचा है। विपक्ष ने कहा कि सरकार को तुरंत मुआवजा देने चाहिए।

### 40 लाख देकर लेने जा रहे थे 1.60 करोड़ के नोट, पैसा ले उड़े 'पुलिस वाले'

ठाणे के डोंबिवली, मानपाड़ा इलाके में रहने वाले सुरेंद्र पाटिल के इंस्टाग्राम पर डेढ़ लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कुछ दिन पहले उसका संपर्क एक शख्स से हुआ था। शख्स ने उससे नकली नोट के कारोबार के बारे में बताया था। इसके बाद सुरेन्द्र की उस शख्स से 40 लाख रुपये के बदले 1 करोड़ 60 लाख के नकली नोट देने की बात तय हुई। रविवार को सुरेंद्र अपनी कार लेकर मुरबाड गया। इसके बाद खुद की सुरक्षा के लिए उसने दो बिना लाइसेंस वाली बंदूकें साथ में रखीं। इसी दौरान 8 लोग उसके पास आए और खुद को पुलिस बताकर उससे 40 लाख रुपए जब्त कर ले गए। जब सुरेंद्र पाटिल को डुप्लीकेट पुलिस की जानकारी हुई तो उसने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। मानपाड़ा पुलिस द्वारा मामले में जांच के बाद जबरन वसूली विरोधी दस्ते ने 4 लोग स्वप्निल जाधव, आदेश भोईर, सचिन जाधव और अक्षय गायकवाड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश में जुट गई है। गिरफ्तार हुए आरोपियों के पास से पुलिस ने 14 लाख 35 हजार रुपये बरामद किए। पुलिस ने जब इस मामले में जांच की तो सुरेंद्र पाटिल को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया की सुरेंद्र पाटिल ने बिना लाइसेंस के हथियार का इस्तेमाल किया था। सुरेंद्र पाटिल पेशे से बिल्डर है, वह छोटे बड़े बिल्डिंग निर्माण का काम करता है। सुरेंद्र पाटिल ने कुछ महीने पहले डोंबिवली के मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर अपनी एक फोटो ली थी। जिस वक्त उसने फोटो ली थी तब वहां कोई मौजूद नहीं था। उस दौरान सुरेन्द्र ने रील बना के उस वीडियो को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया था, और वीडियो में सुरेंद्र पाटिल ने खुद को डोंबिवली को राजा बताया था। वीडियो के वायरल होने के बाद सुरेंद्र पाटिल चर्चा में आ गया था। पुलिस ने इस मामले में उसे गिरफ्तार भी किया था। इसके अलावा सुरेंद्र पाटिल के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट जैसे कई मामले दर्ज हैं।

### नए साल पर आँर्थर रोड जेल जाएंगे आदित्य ठाकरे और संजय राउतः नितेश राणे

लेकिन मैं कहता हूं कि 31 दिसंबर के बाद ये दोनों जेल में होंगे। उधर शिवसेना उद्धव गुट के नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत ने दावा किया कि आने वाले 31 दिसंबर के बाद महाराष्ट्र सरकार गिर जाएगी। इस बयान पर पलटवार करते हुए नितेश राणे ने कहा कि इन नेताओं ने हमारी पार्टी की सरकार के खिलाफ एक तरह से माहौल बना रखा है। बार-बार कहते रहे हैं कि फलां तारीख को सरकार गिर जाएगी। अब इन्होंने एक बार फिर से नई तारीख का एलान किया है। इनका तो बस यही कहना है। बीजेपी विधायक नितेश राणे ने सवाल उठाया है कि हमारी सरकार को नामर्द कौन बुला रहे हैं। स्वप्न पाटकर के घर पर हमले कौन कर रहा था? उन्होंने संजय राउत पर स्वप्न पाटकर को लेकर अपशब्द का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महाविकास आघाड़ी सरकार आने के बाद ये घटना हुई।

## रोचक खबरें

### भारतीय महिला ने बनाया सबसे लंबे बालों का विश्व रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की रहने वाली स्मिता श्रीवास्तव ने दुनिया की जीवित व्यक्ति के सबसे लंबे बालों का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। 46 वर्षीय स्मिता ने अपने 236.22 सेमी (7 फीट 9 इंच) लंबे बालों के कारण गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। स्मिता ने बताया, भारतीय देवी-देवताओं के बाल बहुत लंबे होते थे। हमारे समाज में बाल काटना अशुभ माना जाता है, इसलिए महिलाएं बाल बढ़ाती थीं और लंबे बाल महिलाओं की सुंदरता को भी बढ़ाते हैं। गिनीज बुक के मुताबित, स्मिता ने यह भी बताया कि उन्हें अपने बालों को सुलझाने के लिए बिस्तर पर खड़ा होना पड़ता है।

**इस तरह करतीं हैं अपने बालों की देखभाल**

स्मिता आमतौर पर हफ्ते में 2 बार अपने बाल धोती हैं और इनको सुखाने, सुलझाने और स्टाइल करने में उन्हें हर बार लगभग 3 घंटे तक का समय लगता है। वह बालों को धोने में 30-45 मिनट लगाती है, फिर इसे सुलझाने के लिए अपने हाथों का उपयोग करने से पहले इसे तौलिये से सुखाती हैं।

### गर्म रोटी नहीं मिली तो बारातियों ने हलवाई पर उड़ेला खौलता तेल

**बदायूं।** बदायूं जिले के मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव में बारात के दौरान गर्म रोटी न मिलने से नाराज बारातियों ने हलवाई पर कथित तौर पर खौलता हुआ तेल उड़ेल दिया। गम्भीर रूप से झुलसे हलवाई को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि मूसाझाग थाना क्षेत्र निवासी पन्नालाल की बेटी की 29 नवंबर को शादी थी। बारात कासगंज जिले के थाना सोरों क्षेत्र के लहरा गांव से आई थी एवं देर रात दूल्हे के चाचा इंद्रपाल पाली समेत कुछ लोग खाना खाने बैठे। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने रोटी गर्म मांगी लेकिन चूंकि देर हो जाने की वजह से तंदूर बुझ चुका था इसलिये वेटर ने गर्म रोटी नहीं होने की बात कही। इस पर इंद्रपाल समेत और उसके तीन दोस्त भड़क गए और गालीगलौज करते हुए हलवाई को बुलाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हलवाई राजेश उस समय दुल्हन की विदा के वक्त बारातियों को नाश्ता आदि बनाने की तैयारी कर रहा था। ऐसे में उसने आने से इंकार कर दिया।



### कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा के पति का निधन



**बलौदाबाजार।** दयाराम वर्मा का देहावसान हो गया। उनकी अंत्येष्ठि गृह ग्राम किरना (तिल्दा) में 1 दिसम्बर शुक्रवार को होगी। वे पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं वर्तमान में धरसीवां विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी छाया वर्मा के पति थे। उनके निधन का समाचार सुनते ही कांग्रेसजनों ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दो शावकों समेत 4 भालू कुएं में गिरे, 6 घंटे तक रेस्क्यू अभियान

मुंबई हलचल / बैकुण्ठपुर

कोरिया वन मंडल अंतर्गत पिपरहिया बीट के सोंस गांव में एक कुएं में दो शावकों समेत चार भालू देर रात्रि कुएं में गिर गए। इसकी खबर गांव में फैलते ही मौके पर देखने वालों की भीड़ लग गई। यहां के ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, इसके बाद वन अमले की टीम ने रेस्क्यू कर 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नर-मादा और दो शावक सहित 4 भालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला। दरअसल जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर सोंस गांव में एक किसान के खेत में अनुपयोगी कुआं स्थित है। इसके आसपास अरहर और मूंगफली की खेती की जा रही थी। माना जा रहा है कि भालू इन्हें खाने के लिए खेत में आए होंगे इसके बाद वह अनुपयोगी कुएं में गिर गए। भालू बुधवार की रात कुएं में गिर गए थे। लोगों को इस बात की सूचना 30 नवंबर की सुबह लगी। जब ग्रामीण उस कुएं के पास पहुंचे तो गांव वालों ने सुना की कुएं के अंदर से एक अजीब तरह की आवाज आ रही है। आवाज सुनते ही ग्रामीणों ने तुरंत उसके अंदर देखा जहां भालू पानी में इधर से उधर चल रहे थे। भालू पानी में होने के बाद भी किसी तरह से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे। वहीं आसपास के लोगों को भी इस बात का जानकारी जैसे ही लगी भालू को देखने ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

- कोरिया वन मंडल के सोंस गांव की घटना, मौके पर डटे रहे वन अफसर

**भालुओं को निकालने वन विभाग ने चलाया रेस्क्यू अभियान**



**6 घंटे तक चला रेस्क्यू अभियान**

*भालुओं को बचाने के लिए गुरुवार की सुबह 10 बजे से ही रेस्क्यू अभियान चलाया गया, जो करीब 4 बजे तक चला। इस दौरान मौके पर डीएफओ, एसडीओ समेत रेंजर तथा अन्य वनकर्मी डटे रहे। वन विभाग के द्वारा भालुओं का सुरक्षित कुएं से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। कुएं से बाहर निकलते ही भालू वन परिक्षेत्र बैकुंठपुर के जंगल की ओर दौड़ गए।*





**सुरक्षित रेस्क्यू किए गए**

*कोरिया वन मंडल के सोंस गांव के एक अनुपयोगी कुएं में दो शावकों समेत 4 भालू कुएं में गिर गए थे, जिन्हें हमारी टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर बाहर निकाला है, नर-मादा समेत दो शावक भालू जंगल की ओर चले गए हैं।*

*-अखिलेश मिश्रा, एसडीओ, वन विभाग, कोरिया*

# हाथियों के मूवमेंट पर बंद रहेंगी क्षेत्र की बिजली, ड्रोन से की जाएगी निगरानी

*किसी भी तरह की लापरवाही पर होगी कार्रवाई*


मुंबई हलचल / लोरमी

वनांचल क्षेत्र के सामान्य रेंज खुड़िया वनपरिक्षेत्र में एक बार फिर से हथियों के मूवमेंट को देखते हुए विभाग ने थर्मल ड्रोन से निगरानी करने निर्णय लिया है। नर हाथी की करंट से मौत के बाद विभाग ने वन्य प्राणियों की निगरानी में सक्रियता दिखाने के साथ आठ गांव की बिजली सप्लाई रोकने निर्देश दिया है। इसके अनुसार जब-जब हाथियों के मूवमेंट की जानकारी मिलेगी, तब-तब बिजली सप्लाई बंद कर दी जाएगी। नर हाथी की भूतकछार बीट के 486 में शिकारियों ने 11 केव्ही से अवैध तार बिछाया था, जिसके बाद 21 नवंबर को करंट से एक नर हाथी की मौत हो गई थी। विभाग ने हाथियों की निगरानी थर्मल ड्रोन सिस्टम से करने निर्णय लिया है। इस तकनीक से दिन एवं रात दोनों समय विभाग को हाथियों पर निगरानी करने में मदद मिलेगी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में वनक्षेत्र में हाथी मित्र दल एवं निगरानी दल जैसे अभियान चलाकर ग्रामीणों को जोड़ा जाएगा, जो पूरे समय काम करेगी। हाथी की मौत के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सुरक्षागत कारणों को मजबूती से कार्य करने प्रपोजल तैयार कर प्रस्ताव उच्चाधिकारियों के टेबल पर रखें जा रहे हैं।



**बरती गई लापरवाही**

*वनक्षेत्र में बीट गार्ड से लेकर डिप्टी रेंजर सहित उच्चाधिकारियों जिम्मेदारी तय होती है,लेकिन हाथी का शव दो दिन बाद मिलने की जानकारी विभाग को मिलती है।मध्यस्थता के अभाव से यह घटना प्रतीत होती है, जब पंडरिया वनांचल के वन विभाग के कर्मचारियों की सूचना के बाद भी हाथी की निगरानी में लापरवाही क्यों बरती गई।*



**आठ गांव की बिजली सप्लाई बंद**

जंगल क्षेत्र में विचरण के बाद आठ ग्रामो में बिजली को अस्थाई रूप से सप्लाई बंद करने का पत्र उप वन मंडलाधिकारी ने विद्युत वितरण विभाग को लिखा है, जिसपर विभाग ने उक्त ग्रामो में बुधवार की रात बिजली सप्लाई बंद कर दी। यहां ग्राम भूत कछार और डोंगरीगढ़ लोरमी से एवं 6 गांव की बिजली की सप्लाई पंडरिया फीडर से होती है। बिजली बंद होने के कारण आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग पर अपनी नाकामी छुपाने के लिए अंचल के लोगों के साथ अन्याय का आरोप लगाया है।

**अस्थायी तौर पर बिजली बंद**

*वन विभाग एसडीओ हंसदास सूर्यवंशी ने बताया कि हाथियों की निगरानी थर्मल ड्रोन से की जाएगी। विद्युत विभाग को आठ ग्रामों के क्षेत्र में हाथियों के मूवमेंट को देखते हुए अस्थाई रूप से सुरक्षागत कारणों से पत्र लिखा गया था। मामले में विभागीय जांच जारी है, जवाबदार कर्मचारियों के ऊपर भी सख्त कार्रवाई होगी।*

**मूवमेंट पर बंद होगी बिजली**

*हाथी की मौत के मामले में मोबाइल के कॉल डिटेल पुलिस से मिल गए हैं। बिजली पूरी तरह से बंद करने नहीं लिखा गया है। अगर हाथी का मूवमेंट वन क्षेत्र में होता है तो उस मूवमेंट की जानकारी मिलने के बाद बिजली सप्लाई बंद करने कहा गया है, ताकि हाथियों को किसी तरह का नुकसान न हो।*

*-सत्यदेव शर्मा*
*डीएफओ, मुंगेली*

# मध्यान्ह भोजन में मिली छिपकली, 32 बच्चे बीमार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

ग्राम बहना काड़ी के सरकारी स्कूल के बच्चों की सेहत मध्यान्ह भोजन खाने के बाद बिगड़ने लगी। जांच में पता चला कि परोसे गए भोजन में छिपकली गिरी थी। जिसके बाद 32 बीमार बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। राजधानी रायपुर से 20 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बहना काड़ी के शासकीय माध्यमिक शाला में 30 नवंबर को मध्यान्ह भोजन में छिपकलली मिलने से स्कूल सहित पूरे इलाके में खलबली मच गई। बच्चों के परिजनों में आक्रोश समाने आया, जहां छठवीं से आठवीं तक के 85 बच्चे अध्ययन करते हैं। स्कूल में जहां मध्यान्ह के लिए बनाए गए कढ़ी सब्जी में जहां छिपकली पाई गई। इसकी जानकारी भोजन परोसे जाने तक किसी को नहीं थी। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे और शिक्षक भोजन कर रहे थे। उसी दौरान एक छात्रा सब्जी निकाला रही थी, तभी सब्जी में छिपकली निकली, जिसकी जानकारी छात्रा द्वारा रसोइया और शिक्षकों को बताई गई। जहां रसोइया द्वारा सभी बच्चों को भोजन खाने से मना किया गया। वहीं कुछ समय बाद बच्चों को उल्टी व पेट में जलन तथा बच्चों में आलस्य लगने लगा। जिसके बाद बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए चंदखुरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।



**समस्या आने पर रायपुर भेजेंगे**

*ग्राम बहना काड़ी से 32 बच्चों और 2 शिक्षिका को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिसमें 3 को छोड़कर सभी नार्मल है। 3 बच्चे महेश, गरिमा, टिंकल को उल्टी, आलस्य, कमजोरी की समस्या थी। जिनका उपचार किया गया और उन्हें अभी 6 घंटा डॉक्टर के निरीक्षण में रखा जाएगा। किसी भी प्रकार का खतरा महसूस होने पर रायपुर रिफर किया जाएगा।*

*-डॉ. राय, ब्लॉक चिकित्सा*

# गिनीज बुक में दर्ज हैं खाने से जुड़े ये 5 रिकॉर्ड जानकर रह जाएंगे हैरान



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में आज के समय में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिन्होंने खाने के साथ अनोखे रिकॉर्ड बनाकर अपना नाम गिनीज बुक में दर्ज करवा रखा है। फिर चाहे करतब दिखाते हुए मुंह से अंगूर पकड़ना हो या सबसे बड़ा पहनने योग्य केक बनाने की बात हो, कई लोग अपने अजीबो-गरीब जुनून को विश्व रिकॉर्ड में तब्दील कर चुके हैं। आइए आज हम आपको खाने से जुड़े ऐसे कुछ विश्व रिकॉर्ड के बारे में बताते हैं।

**अपने- अपने अजीबो-गरीब जुनून**

**दुनिया की सबसे तीखी मिर्च खाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड**

*इसी साल सितंबर में कनाडा के रहने वाले माइक जैक ने 6 मिनट और 49.2 सेकंड में 50 कैरोलिना रीपर्स मिर्च (दुनिया की सबसे तीखी मिर्च) खाकर यह अनोखा गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इतना ही नहीं, रिकॉर्ड प्रयास को पूरा करने के बाद भी उन्होंने 85 मिर्च खाई थी। इसका मतलब है कि जैक ने एक बार में 135 कैरोलिना रीपर मिर्च खाई थी ताकि वह लीग ऑफ फायर रीपर चैलेंज लीडरबोर्ड पर दूसरे स्थान पर पहुंच सकें।*

**करतब दिखाते हुए मुंह से अंगूर पकड़ने का विश्व रिकॉर्ड**

*इसी साल सितंबर में ही अमेरिका के डेविड रश ने अपने साथी जोनाथन हॉलीवुड हैनन के साथ मिलकर करतब दिखाते हुए 1 मिनट में 39 अंगूर मुंह में डालने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान जोनाथन थोड़ी दूरी पर खड़े होकर एक-एक करके अंगूर डेविड की तरफ फेंक रहे थे, वहीं डेविड 3 गेंदों से करतब दिखा रहे थे। साथ ही जोनाथन की तरफ से आ रहे अंगूरों को मुंह से पकड़ रहे थे।*

**बेकर ने बनाया सबसे बड़ा पहनने योग्य केक**

*इस साल स्विट्जरलैंड में 15 जनवरी को स्विस वर्ल्ड वेडिंग फेयर के फिनाले में नताशा नामक बेकर ने अपने द्वारा बनाई गई दुनिया की सबसे बड़ी पहनने योग्य केक ड्रेस का प्रदर्शन किया। उन्होंने केक ड्रेस को दुल्हन के गाउन के रूप में डिजाइन करके न सिर्फ खुद पहना, बल्कि उसे लाइव काटकर प्रदर्शन में आए लोगों में बांटा। बता दें कि नताशा ने साल 2014 में कस्टम केक में विशेषज्ञता वाली बेकरी स्वीटीकेक्स की स्थापना की थी।*

# फेशियल के लिए आया नया तरीका, चेहरे पर लगाई जाती हैं करंट की तारें

*आमतौर पर जब आप फेशियल करवाने के लिए पार्लर जाते होंगे तो आपके चेहरे पर तरह-तरह की क्रीम या फिर जेल लगाए जाते होंगे, लेकिन अब मार्केट में चेहरे पर करंट की तारें लगाने वाला फेशियल आ गया है। इस नए फेशियल का नाम 'हैनिबल लेक्टर फेशियल' है, जिसके लिए चेहरे पर करंट की तारें लगाई जाती हैं और इस फेशियल के एक सेशन की कीमत 180 डॉलर (लगभग 15,000) है।*

**हैनिबल लेक्टर फेशियल क्या है?**

इस फेशियल को गैल्वेनिक के नाम से भी जाना जाता है। इसमें चेहरे की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए बिजली के हल्के करंट का इस्तेमाल किया जाता है। इसका उद्देश्य त्वचा की टोन में सुधार करना और उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करना है। वैसे इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता को लेकर विवाद बढ़ रहा है।

**इस फेशियल को लेकर हो रहा विवाद**

इस फेशियल को लेकर बहुत कम शोध हुए हैं। ऐसे में प्रश्न उठ रहा है कि यह कैसे त्वचा के लिए सुरक्षित है? जबकि इसके समर्थक इसकी खूबियां गिनवा रहे हैं। यूएसए टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, स्पा विशेषज्ञ मैरिएन केहो ने कहा कि इससे किसी तरह का नुकसान नहीं है। हालांकि, न्यूयॉर्क की त्वचा विशेषज्ञ डॉ एंथनी रॉसी का कहना है कि इसके कारण चेहरे पर गर्मी बढ़ सकती है, जिससे कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं।



**ये लोग न करवाएं ये फेशियल**

यह फेशियल अमेरिका में सबसे ज्यादा चलन में है, लेकिन त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि संवेदनशील त्वचा वाले लोग, गर्भवती महिलाएं या कॉस्मेटिक सर्जरी वाले लोग इस फेशियल को करवाने से बचें। इसके अतिरिक्त अमेरिकी डॉ डेल कैम्पो ने त्वचा की देखभाल वाले उत्पादों का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

**गहन वैज्ञानिक जांच के बाद इसे करवाएं : डॉ डेल**

*गैल्वेनिक फेशियल की प्रभावशीलता और सुरक्षा को मान्य करने के लिए एक चिकित्सक टीम अधिक गहन शोध की प्रतीक्षा कर रही है। डॉ डेल कैम्पो ने इस फेशियल को करवाने के लिए उत्साही लोगों से निर्णायक सबूत सामने आने तक रुकने का आग्रह किया है। ऐसे में अब केवल समय और गहन वैज्ञानिक जांच से ही इस फेशियल के वास्तविक प्रभाव का पता चल सकता है।*

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बागची बोले

# साजिश रचना भारत की नीति नहीं, यूएस को दिया जवाब



*अमेरिका द्वारा दिए इनपुट को गंभीरता से लिया है*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

खालिस्तानी अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश के मामले में एक भारतीय नागरिक के खिलाफ अमेरिका में केस दर्ज किए जाने को भारतीय विदेश मंत्रालय ने चिंताजनक बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस पूरे मामले को भारत सरकार की नीति के उलट बताया है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों और आतंकवादियों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए। हम ऐसे इनपुट को बहुत गंभीरता से और उच्च स्तर पर लेते हैं। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई है।

**सूचना देने वाले स्रोत अज्ञात**

अभ्यारोपण में अमेरिकी नागरिक का नाम नहीं दिया गया है, लेकिन समाचार पत्र ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए पिछले हफ्ते एक खबर प्रकाशित की थी, जिसमें उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों द्वारा प्रतिबंधित 'सिख फॉर जस्टिस' संगठन के गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को विफल करने की बात कही गई थी। साथ ही खबर में हत्या की साजिश में संदिग्ध रूप से शामिल होने को लेकर अमेरिकी प्राधिकारियों द्वारा भारत सरकार को चेतावनी भी जारी करने की बात कही गई थी।

## निखिल पर सुपारी देने का आरोप!

बता दें कि अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने दक्षिणी न्यूयॉर्क जिले के अमेरिकी अटॉर्नी मैथ्यू जी. ऑलसेन ने कहा कि निखिल गुप्ता (52) के खिलाफ हत्या के लिए सुपारी देने का आरोप लगाया गया है। जिसमें अधिकतम 10 साल जेल की सजा का प्रावधान है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि गुप्ता ने न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले सिख अलगाववादी नेता की हत्या के लिए हत्यारे को एक लाख अमेरिकी डॉलर देने की बात स्वीकार कर ली थी। 9 जून 2023 या उसके आसपास गुप्ता ने हत्या के लिए सुपारी दी थी, जिसके अग्रिम भुगतान के रूप में उन्होंने न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में हत्यारे को 15 हजार अमेरिकी डॉलर नकद देने के लिए एक सहयोगी की भी व्यवस्था की थी।



उत्तराखंड हलचल

# मजदूरों के सकुशल निकलने पर है चारों ओर खुशी, कहीं हुई आरती तो कहीं चढ़ी चादर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तरकाशी टनल हादसे में फंसे 41 श्रमिकों की सही-सलामत वापसी पर पूरे देश में खुशी है। उत्तराखंड में लोगों ने अब जाकर दिपावली मनाई है। इस खुशी के माहौल के बीच भगवान के दर पर लोगों ने मत्था भी टेका। गुरुवार को कहीं दीप जलाए गए, तो कहीं मजार पर चादर चढ़ाई गई। नमो-नमो मोर्चा भारत के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सिल्क्यारा टनल में 17 दिनों से फंसे श्रमिकों के स्वस्थ व सुरक्षित बाहर निकाले जाने के खुशी में बुधवार को गोविंद गंगा घाट पर दीपदान कर मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई गई। सभी सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के





मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की देखरेख में सभी विभागों व संगठनों के अधिकारियों व कर्मचारियों के भागीरथ पुरुषार्थ की सराहना की। अधिकारियों ने बचाव दल का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में नमो-नमो मोर्चा भारत के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडेय, संगठन मंत्री मनोज शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष आईटी सेल तरुण शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष अनिल मौर्य, महामंत्री शिवशंकर पांडेय, कोषाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, संगठन मंत्री हरिनारायण त्रिपाठी व सदस्य माता प्रसाद पांडेय, श्यामा चरण शुक्ल, देवेन्द्र कुमार, विजय मलिक भेल, पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य मुकेश गुप्ता व डी के राय, मातृशक्ति श्रीमती सुधा राठौर, श्रीमती संगीता व श्रीमती अमिता गुप्ता जी उपस्थिति रही।

**दरगाह पर चढ़ाई चादर**

उत्तरकाशी के सिलक्यारा में सुरंग में फंसे श्रमिकों के सकुशल वापस बाहर आने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं ने घड़ी वाले दरगाह पर चादर और फूल पेश कर खुदा का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी शहनवाज सलमानी व जिला सूफी संयोजक गुलाम साबिर ने सभी श्रमिको को बधाई दी।

# सिलक्यारा से मशीनों को वापस ले जाना चुनौती, राजमार्गों का हाल-बेहाल




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सिलक्यारा सुरंग में 12 नवंबर को हुई भूस्खलन की घटना के बाद फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। बचाव अभियान में जुटी एजेंसियों ने श्रमिकों तक पहुंचने का रास्ता तैयार के लिए देश के विभिन्न स्थानों से मशीनें मंगवाईं। पहाड़ के सपीलें रास्तों पर इन भारी-भरकम मशीनों के परिवहन में बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ी। यमुनोत्री और गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग की संकरी व जर्जर सड़क और तीव्र मोड़ों ने कई बार बाधा खड़ी की। मशीनों को ला रहे भारी वाहनों के कारण कई बार जाम भी लगा। जैसे-तैसे मशीनों को सिलक्यारा तक पहुंचाया जा सका। अब बचाव अभियान संपन्न हो चुका है तो इन मशीनों को वापस ले जाने की चुनौती है। इससे संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों भी चिंता में हैं। सिलक्यारा सुरंग में हुए हादसे के बाद देश के प्रमुख संस्थानों के साथ राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ बचाव अभियान में जुटे थे।

श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से अत्याधुनिक मशीनें मंगवाई गई। इन मशीनों को कार्यस्थल पर पहुंचाने के लिए यमुनोत्री और गंगोत्री राजमार्ग पर ग्रीन कॉरिडोर भी बनाए गए। तब जाकर किसी तरह ये मशीनें सिलक्यारा पहुंचीं। हॉरिजॉन्टल (क्षैतिज) ड्रिलिंग के लिए पांच मशीनें व उनके उपकरण, जबकि वर्टिकल (लंबवत) ड्रिलिंग के लिए चार मशीनें व उनके उपकरण पहुंचाए गए। इनमें ऑगर मशीन भी शामिल है। सबसे बड़ी मशीन वर्टिकल ड्रिलिंग की है, जिसकी क्षमता एक मीटर से अधिक व्यास और 100 मीटर गहराई तक बोरवेल करने की है। यह मशीन ऋषिकेश से सिलक्यारा तक 160 किलोमीटर चार दिन में पहुंची। वह भी तब, जब प्रशासन का अमला मार्ग को सुचारु रखने में जुटा था। इन मशीनों को सिलक्यारा पहुंचाने में ट्राला चालक और जिला प्रशासन को खासी जिद्दोजहद झेलनी पड़ी।

यमुनोत्री और गंगोत्री राजमार्ग कई जगह बदहाल है। यहां चारधाम ऑल वेदर रोड का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है सिलक्यारा के निकट नगल गांव निवासी राममूर्ति सिलवाल कहते हैं कि वर्ष 2016 से यमुनोत्री राजमार्ग पर चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। धरासू बैंड से सिलक्यारा तक करीब 25 किलोमीटर सड़क बेहद खराब है। धरासू बैंड में दो स्थानों पर, कल्याणी, स्यालना, महरगांव और सिलक्यारा गदेरे के पास हाईवे बेहद संकरा है और इन स्थानों पर भूस्खलन का मलबा भी गिरता रहता है।

# बद्रीनाथ-केदारनाथ की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, बढ़ी ठंड

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में बादल मंडरा रहे हैं। हेमकुंड साहिब, बद्रीनाथ, केदारनाथ समेत ज्यादातर चोटियों पर हिमपात हुआ है। जबकि, आसपास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हुई। दून में दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और आसमान में बादलों ने डेरा डाल लिया। मौसम विभाग के अनुसार, आज यानी शुक्रवार को भी पर्वतीय क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। चोटियों पर हिमपात और हल्की वर्षा के आसार हैं। मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने के साथ कहीं-कहीं उथला कोहरा परेशानी बढ़ा सकता है। बीते एक सप्ताह से प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में धूप और बादलों की आंख-मिचौनी जारी है। गुरुवार को भी दून समेत ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में सुबह से धूप खिली रही। हालांकि, दोपहर बाद बादल मंडराने लगे। कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी दर्ज की गई। उधर, पर्वतीय क्षेत्रों में बादलों का डेरा रहा और शाम तक ऊंची चोटियों पर हिमपात का एक दौर हुआ। इसके अलावा निचले क्षेत्रों में बौछार की भी सूचना है। जिससे तापमान में गिरावट आ गई है। आने वाले दिनों में पारे में तेजी से गिरावट आने के साथ सुबह-शाम कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, शुक्रवार को बागेश्वर, पिथौरागढ़ समेत आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार हैं। प्रदेश के 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात हो सकता है। ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में उथला कोहरा छाया रह सकता है।

# शिव मंदिर में साधु बनकर छिपा था 50 हजार का इनामी हत्यारोपित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के चर्चित मनीष गुप्ता हत्याकांड में छह साल से फरार चल रहे 50 हजार के इनामी वीर सिंह सैनी उर्फ भगत सिंह को उत्तराखंड एसटीएफ की टीम ने बिजनौर से दबोच लिया। आरोपित पुलिस की नजरों से बचने के लिए मंदिर में साधु बनकर रहता आ रहा था। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, सितंबर 2018 में रानीपुर कोतवाली क्षेत्र की लेबर कालोनी में रहने वाले हेमंत ध्यानी व उसकी पत्नी सुषमा ध्यानी के साथ पड़ोसी भगत सिंह, उसके बेटे बलवीर सिंह और ब्रिजेश ने मारपीट की थी। आरोप है कि सूचना देने पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। 14 सितंबर को फिर से हेमंत को बुरी तरह पीटा गया। हेमंत ने अपने साले मनीष गुप्ता को मौके पर बुलाया। जिसके बाद आरोपित भगत सिंह ने अपने बेटों के साथ मिलकर हेमंत के साले मनीष गुप्ता के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किए थे। गंभीरवस्था में हायर सेंटर रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। उस वक्त पुलिस ने ब्रिजेश को पकड़ लिया था। जबकि उसका पिता और भाई फरार होने में कामयाब रहे थे। पुलिस ने फरार चल रहे बाप-बेटे पर 50 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की थी। इनामी आरोपित पिता वीर सिंह सैनी उर्फ भगत सिंह निवासी ग्राम रामजीवाला छकड़ा थाना मंडावर जिला बिजनौर के गांव के ही शिव मंदिर में साधु बनकर छिपे होने की सूचना मिली। जिसके बाद इंस्पेक्टर अबुल कलाम के नेतृत्व में एसटीएफ की एक टीम ने आरोपित भगत सिंह को गांव से ही दबोच लिया। वह साधु भेष में ही पुलिस को मिला। हरिद्वार लाकर उसे रानीपुर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# अभी बंद रहेगा सिलक्यारा सुरंग में निर्माण कार्य, वर्टिकल ड्रिलिंग की होगी फिलिंग

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल निकालने का कार्य संपन्न होने के बाद नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी बौखनाग टॉप स्थित मंदिर में पहुंचे और वहां विधिवत पूजा-अर्चना की। कंपनी ने सिलक्यारा सुरंग के पास भव्य मंदिर बनाने का भी आश्वासन दिया। श्रमिकों के सिलक्यारा सुरंग में फंसने के बाद स्थानीय निवासियों ने नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के अधिकारियों से बौखनाग देवता की शरण में जाने को कहा था। कंपनी के अधिकारी बौखनाग देवता के दर्शन को न केवल भाटिया गांव पहुंचे, बल्कि सिलक्यारा में सुरंग के पास उन्होंने एक छोटा मंदिर भी स्थापित किया। इस मंदिर में सुबह-शाम समय नियमित पूजा-अर्चना चल रही है। नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश पंवार ने बताया कि बचाव अभियान के सफल होने की बौखनाग देवता से कामना की गई



थी। इसलिए अभियान संपन्न होने के बाद गुरुवार को बौखनाग देवता के पौराणिक मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की गई। बचाव अभियान संपन्न होने के बाद सिलक्यारा सुरंग में अब निर्माण कार्य दोबारा कब शुरू होगा, इसे लेकर संशय की स्थिति बनी है। नवयुग कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल सुरंग के निर्माण का काम रोका गया है। जब शुरू होगा तो सबसे पहले शाट क्रीटिंग के साथ कैविटी भरी जाएगी। इसमें लंबा समय लग सकता है। कंपनी श्रमिकों को निकालने के लिए बचाव अभियान में 500 से अधिक श्रमिक और विभिन्न संस्थानों के कर्मचारी दिन-रात जुटे रहे। इन्हीं रेस्क्यू कर्मियों की मेहनत के बूते ही 41 श्रमिकों की जान बची। नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के परियोजना प्रबंधक राजेश पंवार ने कहा कि अपनी जान की परवाह न करते हुए जो श्रमिक और कर्मचारी इस अभियान में जुटे रहे, उन्हें कंपनी की ओर से प्रोत्साहित किया जाएगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# वजन तेजी से घटाएंगी ये होममेड ड्रिंक्स



बिगड़ते लाइफस्टाइल और गलत खान-पान से वजन धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। मोटापे की वजह से रक्तचाप, मधुमेह और किडनी खराब होने की समस्या हो सकती है। ऐसे में वजन कम करने के लिए लोग जिम, डाइटिंग, दवाइयां और न जाने क्या-क्या करते हैं। मगर इनसे भी कोई फायदा नहीं होता। ऐसे में आप कुछ घरेलू ड्रिंक्स का सेवन करके भी वजन कम कर सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी ही ड्रिंक्स के बारे में बताएंगे जो मोटापे से परेशान लोगों के लिए फायदेमंद है।

### 1. नींबू, शहद और पानी

रोजाना एक गिलास नींबू, शहद और पानी मिलाकर पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसको पीने से कुछ ही दिनों में वजन कम किया जा सकता है। अगर आप भी जल्दी से स्लिम होना चाहते हैं तो यह ड्रिंक पीएं।

### 2. अदरक, नींबू पानी

अदरक, नींबू पानी पतले होने का सबसे अचूक उपाय है। इसको पीने से शरीर में जमा फैट आसानी से घटने लगता है। नींबू में पाए जाने वाला विटामिन सी पेट की चर्बी को कम करता है।

### 3. कोकम जूस

श्रद्धा कपूर अपनी फिगर को मेंटेन रखने के लिए कोकम जूस का सेवन करती हैं। खट्टा-मीठे स्वाद वाले इस फल का जूस भी अलग तरह से बनाया जाता है। पहले इस फल को अच्छे से सुखाया जाता है फिर उसको पानी में भिगोया जाता है। तब जाकर यह जूस बनता है। 400 ग्राम कोकम को 4 लीटर पानी में उबाल लें। जब पानी एक चौथाई रह जाए तो इसको छानकर सुबह-शाम 100 मिली पीएं।

### 4. जीरे वाला पानी

जीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, आयरन, कॉपर, पोटैशियम और मैग्नीशियम बॉडी को कई हेल्थ प्रॉब्लम्स से दूर रखने काम का करते हैं। इसके साथ ही रोजाना जीरे वाला पानी पीने से वजन कम होने लगता है। रात को सोने से पहले 1 गिलास पानी में 2 चम्मच जीरे को भिगोने के लिए रख दें। सुबह इस पानी को हल्का गुनगुना करके पिएं।

### 5. दालचीनी और सेब

सेब में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंटस की भरपूर मात्रा होती है। दालचीनी और एप्पल को चाय में या पानी में मिलाकर पीया जा सकता है।

# चुटकियों में हर ब्यूटी प्रॉब्लम को दूर करेगा बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा हर भारतीय रसोई में पाया जाता है। इसमें सोडियम बाइकाबोर्नेट, एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल, एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण मौजूद हैं जो खूबसूरती ही नहीं बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। आज हम आपको बेकिंग सोडे के कुछ फायदे बताएंगे जिनसे अब तक आप शायद अनजान होंगे।



### सफेद चमकदार दांत

पीले दांतों को मोतियों जैसे चमकाने के लिए बेकिंग सोडा बहुत मददगार है। टूथपेस्ट में थोड़ा सा बेकिंग सोडा, पेपरमिंट ऑयल और हाइड्रोजन परॉक्साइड मिलाकर पेस्ट बनाएं। रोजाना इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से आपको फायदा मिलेगा।

### एक्ने, ब्लैक हेड्स और ऑयली स्किन

एक्ने, ब्लैक हेड्स और ऑयली स्किन से छुटकारा पाने के लिए बेकिंग सोडे का इस्तेमाल करें। 4 चम्मच बेकिंग सोडे में थोड़ा सा पानी मिलाकर चेहरे पर 10 मिनट के लिए लगाएं। फिर गर्म पानी से चेहरा धो लें। ऐसा करने से चेहरे की हर प्रॉब्लम दूर होगी।

### नाखूनों को बनाएं सुंदर

नाखूनों में होने वाले किसी भी इंफैक्शन से छुटकारा पाने के लिए 2 चम्मच बेकिंग सोडे में 1 चम्मच पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर इस पेस्ट को 10 मिनट के लिए नाखूनों पर लगाकर सूखने दें। दिन में दो बार ऐसा करने से आपके नाखून सुंदर और मजबूत बनेंगे।

### अनचाहे बालों से छुटकारा

बेकिंग सोडे से शरीर के अनचाहे बालों से छुटाकारा पाया जा सकता है। थोड़े से बेकिंग सोडे में पानी डालकर बगल, बिकिनी एरिया, हाथों- पैरों, यानि शरीर के उस हिस्से पर लगा दीजिए, जहां आपको बाल पसंद नहीं हैं। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में आपको अनचाहे वालों से छुटकारा मिलेगा।

### पेट खराब होने पर कारगर

पेट खराब होने पर बेकिंग सोडे का घोल बनाकर पीएं। इसमें सोडियम बाईकाबोर्नेट होता है जो पेट की अनेक समस्याओं को दूर करता है।

# ब्यूटी प्रॉडक्ट्स नहीं, स्किन प्रॉब्लम को दूर करेंगे 5 आसान टिप्स



ब्यूटी की परेशानियों को दूर करने के लिए कैमिकल युक्त प्रॉडक्ट्स का कम से कम इस्तेमाल करना ही बेहतर है। इससे कुछ समय के लिए प्रॉबल्म्स दूर तो हो जाती हैं लेकिन कुछ समय बाद समस्या कम होने के बाद दोबारा फिर ऊभरने लगती हैं। ऐसे में घरेलू नुस्खे अपनाना बेहतर है जो इन बालों की असमय सफेदी, चेहरे के काले घेरे जैसी समस्याओं को जड़ से खत्म कर देते हैं।

### 1. बालों की सफेदी दूर

सफेद बालों के लिए दही और हिना मिलाकर लगाएं।

### 2. फटे होंठों से छुटकारा

देसी घी में थोड़ा-सा नमक मिलाकर लगाने से जल्दी आराम मिलेगा।

### 3. चेहरे के काले घेरे गायब

ऑरेंज जूस में ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं।

### 4. रूसी की छुट्टी

नारियल तेल में थोड़ा-सा कपूर डालकर बालों की मसाज करें।

### 5. डेड स्किन साफ

कच्चे दूध में नींबू का रस और नमक मिलाकर चेहरे पर लगाएं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# स्पेन से आई सलमान को कॉल



**हाल** ही में पंजाबी सिंगर गिप्पी ग्रेवाल के घर पर फायरिंग हुई थी, जिसका जिम्मा लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने लिया था। उसके बाद सिंगर के नाम फेसबुक पर एक पोस्ट भी सामने आया था, जिसमें सलमान खान का भी जिक्र था और उन्हें धमकी दी गई थी, जिसके बाद पुलिस चौकन्नी हो गई थी और क्राइम ब्रांच जांच में जुट गई थी। अब जांच में कई बातें सामने निकलकर आईं हैं।क्राइम ब्रांच की जांच में पता चला है कि फेसबुक पोस्ट के जरिए सलमान को स्पेन से धमकी दी गई थी। और इसके लिए वीपीएन का इस्तेमाल किया गया था। यहां बता दें कि वीपीएन इंटरनेट पर पहचान और किस जगह से पोस्ट किया जा रहा है वो छिपाने में मदद करता है। और इसी का इस्तेमाल करके गिप्पी और सलमान के लिए फेसबुक पर धमकी भरा पोस्ट किया गया था। धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान खान की सिक्योरिटी का जायजा लिया था।




# जब शाहरुख-काजोल ने रानी मुखर्जी को लगाई डांट



**रानी मुखर्जी** आज मशहूर यशराज फिल्म्स का हिस्सा हैं। करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण भी रानी मुखर्जी-आदित्य चोपड़ा के यशराज स्टूडियो में फिल्माया जाता है। करण के शब्दों में कहें तो यशराज स्टूडियो की मालकिन (करण जौहर ने कॉफी विद करण में कई बार रानी के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया है) रानी मुखर्जी को अपने करियर का बड़ा ब्रेक करण जौहर ने दिया था। करण की फिल्म कुछ कुछ होता है में रानी ने टीना का किरदार निभाया था। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के इस मजेदार चैट शो कॉफी विद करण में करण जौहर ने रानी के बारे में कई बातें शेयर की, जिसे सुनकर आप हैरान ही हो जाएंगे। सबसे पहले रानी ने करण से कहा कि कुछ कुछ होता है की शूटिंग के समय उन्होंने रानी के हाथ से खाने की थाली छीन ली थी। इस बारे में सफाई देते हुए करण बोले कि दरअसल फिल्म में अंजलि को शॉर्ट ड्रेस पहनना था और इसलिए उन्होंने रानी मुखर्जी को वजन कम करने की सलाह दी थी। रानी मुखर्जी ने करण से कहा था कि वो वजन कम करेंगी, लेकिन कुछ दिन बाद उनका वजन 3-4 किलो बढ़ गया था और तब परेशान करण ने होटल को इन्फॉर्म किया था कि रानी जो भी खाने के लिए आर्डर करें, वो उनके कमरे में बिलकुल भी मत भेजना और रानी की मां भी करण से सहमत थीं। करण की बात सुनने के बाद रानी ने करण को याद दिलाया कि उन्होंने ब्रेकफास्ट करते समय उनकी थाली छीन ली थी। हालांकि बाद में रानी ने ये भी कहा कि करण ने वो थाली वापस भी दे दी थी।

# बॉलीवुड में अपने एक्टिंग से आग लगाने के लिए तैयार पूनम कोपेया

## पूनम कोपेया की आने वाली वेब सीरीज (#द फेस) ओटी मल्टीप्लेक्स प्ले पर जल्द ही होगी रिलीज



**मायानगरी** मुंबई में रोजाना लाखों लोग अपना सपना पूरा करने के लिए आते हैं। कुछ लोग अपना सब कुछ दांव पर लगाकर आते है तो कुछ अपने जुनून को पूरा करने के लिए। देश के हर कोने-कोने से आए लोगों में से सिर्फ कुछ लोगों को ही सफलता नसीब होती है। इंडस्ट्री में अपना मुकाम हासिल करने के लिए लोग अपनी जी जान लगा देते है। इसी में से एक हैं मध्य प्रदेश के छोटे से गांव पन्ना की रहने वाली अभिनेत्री व मॉडल पूनम कोपेया। जी हां पूनम कोपेया अब मुंबई में रहकर अपने सपनों को पूरा कर रही हैं और मॉडलिंग व फिल्ड इंडस्ट्री पर आज राज कर रही हैं और अपनी कड़ी मेहनत व लगन के कारण देश व दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रही हैं। पूनम कोपेया का कहना है कि मैं एक छोटे ग ा ंवसे निकली हूं जिस परिवार में मर्दों के बीच खुलके हंसना भी गुनाह होता था, उस परिवार में जन्मी मैंने एक ऐसा सपना देखा जो कि मेरे लिऐ बहुत मुश्किल था...लेकिन सपना तो देखा था। मुझे बचपन में डांस एक्टिंग और गाने का बहुत शौक था, लेकिन मुझे स्कूल में भी डांस नहीं करने दिया जाता था...बड़ी मुश्किल से पापा मम्मी को मानती थी और 15 अगस्त 26 जनवरी को जब मैं डांस करती थी तो ऐसा लगता था कि मुझे सपनों की दुनिया मिल गई। फिर धीरे-धीरे थिएटर करने लगी, उसके बाद 2018 में मुंबई वापस आई और मुंबई को समझने लगी..और अपने सपनों की तरफ बढ़ने लगी, मेरी मां मेरे पापा मुझे बहुत ही अब सपोर्ट करते हैं उन्हें समझ आया कि उनकी बेटी को भी पंख मिलना चाहिए। पूनम कोपेया ने कहा कि मैं तो यही कहना चाहूंगी जब मैं पूनम कोपेया दूर मध्य प्रदेश के छोटे से गांव पन्ना से आकर अपने सपनों को पूरा करने के लिए निकल पड़ी तो हर एक छोटे गांव की लड़की लड़का अपने सपने पूरे कर सकते हैं। बता दें कि पूनम कोपेया की आने वाली वेब सीरीज (#द फेस) ओटी मल्टीप्लेक्स प्ले पर जल्द ही रिलीज होगी। वही मॉडल व अभिनेत्री पूनम कोपेया की अगर फैन फॉलोइंग की बात करें तो युवाओं में इनकी फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है। मॉडल व अभिनेत्री पूनम कोपेया के काम की बात करें तो वह रैम्प शो, डिजाइनर शूट, एथेनिक वियर्स, वेस्टर्न वेयर, कैलेंडर शूट संगीत एल्बम में काफी काम किया है और नाम भी कमाया है। पूनम कोपेया ने कहा कि यदि मनुष्य को किसी कार्य को करने की भूख हो तो वह अपने सपनों की मंजिल पा ही लेता है। मॉडल व अभिनेत्री पूनम कोपेया का सपना है एक बड़ी अभिनेत्री बनने का, उन्होंने कहा कि मुझे पूरा उम्मीद है कि मैं एक दिन जरूर सलमान खान व शाहरूख खान जैसे बड़े कलाकार के साथ बड़े पर्दे पर नजर आउंगी।



